सं.ए.20011/30(क)/2021-हिंदी
भारत सरकार/ Government of India
गृह मंत्रालय / Ministry of Home Affairs
समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार
Directorate of Coordination Police Wireless

खण्ड सं ,9 .के.स.का .परिसर/Block No.9, C.G.O., Complex,
लोधी रोड, नई दिल्ली/Lodhi Road, New Delhi-3
दिनांक /Dated: 28 फरवरी, 2022

परिपत्र/CIRCULAR

विषय: निदेशालय के कर्मचारियों के लिए मासिक हिंदी प्रतियोगिता/हिंदी गतिविधि के आयोजन के संबंध में।

निदेशालय तथा अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों में राजभाषा हिंदी के कार्यों में वृद्धि करने तथा गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित किए गए वार्षिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए निदेशालय मुख्यालय तथा अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों पर सेवारत सभी कर्मचारियों को अधिकाधिक कार्य हिंदी में निष्पादित करने हेतु उन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रत्येक माह में एक हिंदी प्रतियोगिता/हिंदी गतिविधि का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है।

2. उपर्युक्त के अनुपालनार्थ, फरवरी 2022 माह में निदेशालय (मुख्यालय) में दिनांक **28 फरवरी 2022 को 1500 बजे** से निदेशालय (मुख्यालय) एवं सभी अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों के इच्छुक कर्मचारियों हेतु ऑनलाइन माध्यम से **'कार्यालय में राजभाषा हिंदी की स्थिति और इसका प्रयोग बढ़ाने के लिए उपाय'** विषय पर हिंदी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को इस विषय पर अपने विचार रखने हेतु 05 मिनट का समय दिया जाएगा।

3. इस प्रतियोगिता का परिणाम निर्णायक मंडल द्वारा निकाला जाएगा, जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय और वरियता क्रम में चौथा व पांचवा स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा और प्रमाण-पत्र भी वितरित किए जाएंगे। चुंकि प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार स्वरूप पुरस्कार की राशि की कीमत तक की उपयोगी वस्तु प्रदान की जानी है, अत: सुगमता हेतु अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों के विजयी होने वाले कर्मचारियों को इसका वहन उनके केन्द्र के इम्प्रेस्ट कैश (Imprest Cash) से किए जाने का निर्णय लिया गया है।

4. निदेशालय मुख्यालय एवं अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों के सभी अधिकारियों से अनुरोध है कि इस प्रतियोगिता में अधिक से अधिक संख्या में इच्छुक कर्मचारियों को भाग लेने हेतु प्रेरित करते हुए भाग लेने वाले प्रतिभागी का नाम, पदनाम और मोबाइल नम्बर (whatsapp enabled) सहित दिनांक 28 **फरवरी 2022 को 1400 बजे** तक हिंदी अनुभाग में प्रेषित कर दें या ई-मेल आई.डी.- **dinesh.71@dcpw.gov.in** पर मेल कर दें।

5. इसे निदेशक महोदय के अनुमोदन से जारी किया गया है।

28.02.2022
(डॉ. राजीव कुमार सिंह)
सहायक निदेशक (राजभाषा)

2/-

<u>प्रतिलिपि</u>.

1. सभी अनुभाग अधिकारी ।
2. सभी उप निदेशक।
3. उप निदेशक, पोलनेट हब स्टेशन, समन्वय सदन, सिरी गांव, नई दिल्ली ।
4. सहायक निदेशक, केंद्रीय पुलिस रेडियो प्रशिक्षण संस्थान, वन्दे मातरम् मार्ग, नई दिल्ली ।
5. सभी अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों के संयुक्त सहायक निदेशक- विभाग के सरकारी वेबसाइट के माध्यम से।
6. सहायक निदेशक (सूचना और प्रोद्यौगिकी) - कृपया विभाग के वेबसाइट में अपलोड करने और साथ ही नियत तिथि व समय पर हिंदी व्याख्यान प्रतियोगिता वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से आयोजन करने हेतु सम्पर्क (लिंक) भेजने और यथा-आवश्यक समन्वय करने हेतु।
7. कार्यालय प्रति /नोटिस बोर्ड।

<u>प्रतिलिपि सादर सूचनार्थ निम्नलिखित को प्रेषित</u>:-

1. निदेशक के प्रधान निजी सचिव : कृपया निदेशक महोदय के सादर सूचनार्थ ।
2. सभी संयुक्त निदेशक : कृपया सादर सूचनार्थ।